Seventeenth Loksabha

an>

Title: The Minister of Defence made a statement on the unfortunate crash of Military Helicopter with Gen. Bipin Rawat, CDS and other Armed Forces personnel on Wednesday, December 8, 2021.

रक्षा मंत्री (श्री राज नाथ सिंह): अध्यक्ष महोदय, आज मैं बड़े दुख और भारी मन से 8 दिसम्बर, 2021 की दोपहर में हुई मिलिटरी हेलिकॉप्टर, जिसमें भारत के प्रथम चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत, उनकी धर्मपत्नी एवं 12 अन्य सवार थे, की दुर्घटना के दुर्भाग्यपूर्ण समाचार से अवगत कराने के लिए आप सबके बीच खड़ा हुआ हूं । जनरल बिपिन रावत डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंग्टन के स्टूडेंट-ऑफिसर से इंटरएक्ट करने के लिए अपनी एक शिड्यूल्ड विजिट पर थे । एयरफोर्स के एमआई-17वी 5 हेलिकॉप्टर ने कल 11 बजकर 48 मिनट पर सुलूर एयरबेस से अपनी उड़ान भरी, जिसे 12 बजकर 15 मिनट पर वेलिंग्टन में लैण्ड करना था । सुलूर एयरबेस के एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने लगभग 12 बजकर 8 मिनट पर हेलिकॉप्टर से अपना कांटैक्ट खो दिया । बाद में कुन्नूर के पास जंगल में कुछ स्थानीय लोगों ने आग लगी हुई देखी । जब वे भागकर उस स्थान पर पहुंचे तो उन्होंने मिलिटरी हेलिकॉप्टर के अवशेष को आग की लपटों से घिरा हुआ देखा । स्थानीय प्रशासन से एक बचाव दल उस जगह पर पहुंच गया । उन्होंने क्रैश साइट से सर्वाइवर्स को रिकवर करने का भी प्रयास किया । उस अवशेष से जितने भी लोगों को निकाला जा सका, उन सबको यथाशीघ्र वेलिंग्टन के मिलिटरी हॉस्पिटल पहुंचाया गया । प्राप्त जानकारी के अनुसार उस हेलिकॉप्टर में सवार कुल 14 लोगों में से 13 लोगों की मृत्यु हो गई । जिन लोगों की दुर्भाग्यपूर्ण मौत हुई, उनमें चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मधुलिका रावत, उनके रक्षा सलाहकार ब्रिगेडियर लखविन्दर सिंह लिड्डर, स्टाफ ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल हरजिन्दर सिंह और एयरफोर्स हेलिकॉप्टर क्रू समेत आर्म्ड फोर्सेज के अन्य नौ लोग शामिल हैं । उनके नाम हैं – विंग कमांडर पृथ्वी सिंह चौहान, स्क्वाड्रन लीडर कुलदीप सिंह, जूनियर वारंट ऑफिसर राणा प्रताप दास, जूनियर वारंट ऑफिसर अरक्कल प्रदीप, हरविंदर सतपाल राय, नायक गुरसेवक सिंह, नायक जितेन्द्र कुमार, लांस नायक विवेक कुमार, लांस नायक बी. साईतेजा । सभी पार्थिव शरीर को आज शाम तक इंडियन एयरफोर्स प्लेन से दिल्ली लाया जाएगा । ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह वेलिंग्टन के मिलिटरी हॉस्पिटल में लाइफ सपोर्ट पर हैं और उन्हें बचाने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं ।

अध्यक्ष महोदय, एयर चीफ मार्शल श्री वी.आर. चौधरी को घटनास्थल पर दुर्घटना की सूचना प्राप्त होने पर कल ही भेज दिया गया है । उन्होंने घटनास्थल एवं वेलिंग्टन हॉस्पिटल जाकर स्थिति का जायजा लिया है । इस दुर्घटना के संबंध में इंडियन फोर्स द्वारा एयर मार्शल मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में एक ट्राई-सर्विस इनक्वायरी के भी आदेश दे दिए गए हैं । इनक्वायरी टीम के ऑफिसर्स ने कल ही वेलिंग्टन पहुंचकर अपना कार्य भी प्रारम्भ कर दिया है । चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ का अंतिम संस्कार फुल मिलिटरी ऑनर्स के साथ किया जाएगा और अन्य सभी मिलिटरी पर्सनल का अंतिम संस्कार भी एप्रोप्रिएट मिलिटरी ऑनर के साथ किया जाएगा ।

अध्यक्ष महोदय, अन्त में मैं देश की ओर से सभी दिवंगत लोगों को हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और उनके परिवारजनों के प्रति अपनी संवेदना भी व्यक्त करता हूं ।

[Placed in Library, See No. LT 5371/17/21]

____

-